<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>19.06.2026 / 09:20बजे</u>

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 2 हजार 400 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों को करेंगे वितरित।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–समग्र व एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत।

- शिमला जिले की 4 सौ 41 पंचायतों में नशे के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू–विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को किया जाएगा जागरूक।

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत बागवानों से 100 बोरी सेब खरीदने के निर्णय को जल्द वापिस लेने की मांग की।

- केलंग में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के तहत हिमाचल प्रदेश का जनजातीय इतिहास व संस्कृति विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन।

<u>प्रधानमंत्री–विकसित भारत</u>

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सफल कार्यान्वयन पर केंद्र सरकार द्वारा आज राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में डीबीटी के जरिए 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को करीब 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। अगस्त 2025 से शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक देश भर में 63 लाख से अधिक कर्मचारियों को औपचारिक कार्य बल में शामिल किया गया है जिसमें लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम आज केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र शिमला में आयोजित किया जाएगा जहां प्रदेश के 6 हजार 99वें लाभार्थियों को 12 करोड़ रुपये से अधिक राशि वितरित की जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी

*प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र में आयोजित हो रहा है जिसकी अध्यक्षता श्रम व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे। कार्यक्रम में हिमाचल के 6 हजार 99 लाभार्थियों को 12 करोड़ से अधिक की राशि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के जरिए प्राप्त होगी। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना का मकसद औपचारिक रोज़गार बढ़ाना और पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को मदद देना है। योजना के तहत पात्र कर्मचारियों*

*को 6 महीने बाद एक महीने का वेतन, अधिकतम 15 हजार तक और 12 महीने व वित्तीय साक्षरता पूरी करने पर दूसरी किस्त मिलती है वहीं नियोक्ताओं को हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 2 साल तक 3 हजार रूपए प्रति माह दिया जाता है। योजना के तहत दो साल में देश में साढ़े तीन करोड़ नौकरियां उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है।*

एंटी चिटटा अभियान

प्रदेश में चलाए जा रहे एंटी–चिट्टा जन–आंदोलन के तहत चिट्टा–मुक्त हिमाचल के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा जिला मंडी व ऊना में सघन नाकाबंदी व चेकिंग की जा रही है। इस दौरान टास्क फोर्स की टीम द्वारा मंडी में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार से 4 किलो साढ़े 800 ग्राम चरस बरामद की गई। मामले में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है।

वहीं दूसरी ओर ऊना जिला में वाहनों की चैकिंग के दौरान एक अन्य कार से 25 किलो से अधिक पोस्त चूरा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

चेतन बरागटा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने प्रदेश सरकार से मंडी मध्यस्थता योजना के तहत एक बागवान से केवल 100 बोरी सेब खरीदने के निर्णय को जल्द वापस लेने की मांग की है। इनका कहना है कि मौसम की मार और विभिन्न बीमारियों के चलते बी ग्रेड सेब की मात्रा में हर वर्ष लगातार बढ़ौत्तरी हो रही है और बागवान ऐसे सेबों की बिक्री के लिए एचपीएमसी पर ही पूर्णतया निर्भर है। ऐसे में 100 बोरी की लिमिट लगाना बागवानों के लिए एक बड़ी परेशानी बन जाएगी।

महिला अधिकार

प्रदेश महिला आयोग द्वारा महिलाओं को भूमि स्वामित्व के अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं और समाज के अन्य वर्गों को जोड़ा जाएगा। ये जानकारी प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट द्वारा कांगड़ा में महिला अधिकारों पर आयोजित एक कार्यशाला में दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए भूमि और संपत्ति केवल आर्थिक संसाधन नहीं हैं बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का आधार भी हैं।

राष्ट्रीय सेमीनार

लाहौल स्पीति के केलांग में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के तहत हिमाचल प्रदेश का जनजातीय इतिहास व संस्कृति विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें देशभर से इतिहासकारों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. बालमुकुंद पांडे ने भारतीय इतिहास के तथ्य आधारित लेखन पर बल देते हुए जनजातीय समाज व संस्कृति के संकलन को महत्वपूर्ण बताया। सेमिनार में लाहौल के इतिहास और प्राचीन कला से जुड़े कई शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए।

सर्व शिक्षा अभियान

चंबा जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित सरकारी स्कूलों के सोशल ऑडिट के तहत कई महत्वपूर्ण जानकारियां और कमियां उजागर हुई हैं। यह ऑडिट प्रदेश विश्वविद्यालय की एक टीम द्वारा जिला के 20 प्रतिशत स्कूलों में किया गया था। ऑडिट की रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों को चंबा में आयोजित एक जन सुनवाई के दौरान सार्वजनिक किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक विकास महाजन ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार जिले में अनेक स्कूल अभी भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आगामी कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेजी जाएगी ताकि चिहिन्त कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सके।

मिंजर मेला

जिला चम्बा की प्राचीन संस्कृति का प्रतीक अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला इस बार 26 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। मेले के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

*मिंजर मेला जिला चंबा की प्राचीन समृद्ध संस्कृति तथा समाज के विभिन्न वर्गों के आपसी मेल मिलाप व आपसी भाईचारे का प्रतीक है३मेले के मूल स्वरूप व सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी कई कदम उठाने का फैसला लिए गया है। मिंजर मेले में स्थानीय संस्कृति की झलक को पेश करने तथा हिमाचली कलाकारों को ज्यादा से ज्यादा मंच प्रदान करने का भी निर्णय हुआ है। मेले के आयोजन के लिए चौगन का प्रयोग करने हेतु माननीय उच्च न्यायालय में आवेदन किया गया है और अनुमति मिलते ही चौगान की नीलामी कर आगामी प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी।*

चिटटा मुक्त अभियान शिमला

शिमला जिला में नशे विशेषकर चिटटे के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता अभियान 4 सौ 41 पंचायतों में शुरू किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि चिटटा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि सामाजिक चुनौती है जिसके समाधान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर युवाओं को नशे के खिलाफ आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक जिला में मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पुलिस द्वारा 1 सौ 59 मामले दर्ज किए गए हैं जिसमें 337 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयुष चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय कर समग्र व एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। धर्मशाला में एकीकृत आयुष अस्पताल के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि इस नए अस्पताल के निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों से युक्त एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने चंबा में सड़क दुर्घटना की खबर को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण, पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल ने खबर को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है चंबा में खाई में गिरी गाड़ी, परिवार के छह सदस्यों सहित सात की मौत।

बिजली उपभोक्ताओं पर नया बोझ, 33 दशमलव 8 पैसे प्रति यूनिट फयूल चार्ज लागू अमर उजाला की एक खबर है।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाएंगे, बजट भी देंगे। हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री के बयान को शीर्षक दिया है प्रदेश के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी, अगले पांच वर्षों में प्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है 19 राज्य बारिश को तरसे, 7 में तो 60 प्रतिशत तक की कमी, प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात, मनाली में बारिश।

दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार किशाऊ बांध परियोजना से हिमाचल को हर साल 600 करोड़ की होगी आय।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 2 हजार 400 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों को करेंगे वितरित।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा—समग्र व एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत।

- शिमला जिले की 4 सौ 41 पंचायतों में नशे के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू—विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को किया जाएगा जागरूक।

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत बागवानों से 100 बोरी सेब खरीदने के निर्णय को जल्द वापिस लेने की मांग की।

- केलंग में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के तहत हिमाचल प्रदेश का जनजातीय इतिहास व संस्कृति विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन।